an>

Title: Need to rename Khajuraho airport as Maharaja Chhatrasal Airport.

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) : धन्यवाद, अध्यक्ष महोदया। मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड में स्थित खजुराहो एयरपोर्ट एक अन्तर्राष्ट्रीय महत्व का एयरपोर्ट है। समूचे बुंदेलखंड के गांवों में महाराजा छत्रसाल की गाथा आज भी सुनी जाती है। 80 वर्ष की उम्र में, जीवन की अंतिम संध्या तक, तत्कालीन मुगल सल्तनत से संघर्ष करते हुए उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उनके गौरव गाथाओं की चर्चा आज भी छत्रपुर के चौक बाजार में गद्दी, महुसाहनिया में उनके बैरकों की छावनियां, महुआ का महोत्सव स्थली और पन्ना में, लोग आज भी उनकी वीरता की चर्चा करते हैं। बुंदेलखंड की जनता के द्वारा काफी समय से यह मांग की जा रही है कि खजुराहो के एयरपोर्ट का नाम महाराजा छत्रसाल के नाम पर रखा जाए। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि खजुराहो एयरपोर्ट का नाम शीघ्र-अतिशीघ्र बदल कर महाराजा छत्रसाल एयरपोर्ट करने की कार्रवाई की जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल और

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री विरेन्द्र कुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।